**Need to establish a medical college and 500-bedded hospital in North East Delhi Parliamentary Constituency.-laid**

श्री मनोज तिवारी **(**उत्तर**-**पूर्व दिल्ली**) :** मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर पूर्वी दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर कमी की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । यह क्षेत्र अत्यधिक घनी आबादी वाला है, जहां आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है, जिससे क्षेत्र के निवासियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक आधुनिक मेडिकल कॉलेज एवं 500 बेड का अस्पताल स्थापित किया जाना आवश्यक है । इसके लिए आवश्यक डीडीए की भूमि करावल नगर की पुलिस अकादमी के पास एवं बुराड़ी में उपलब्ध है । अतः मैं माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से निवेदन करता हूं कि वे उत्तर पूर्वी दिल्ली में एक मेडिकल कॉलेज एवं 500 बेड वाले अस्पताल की स्थापना करने की कृपा करें, जिससे यहां की जनता को उचित एवं सुलभ चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकें ।